Title: Need to accord approval to the proposal for construction of Ahmedabad-Rajkot Semi High Speed Rail Project

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

अहमदाबाद-राजकोट के बीच सेमी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर सिस्टम के प्रस्ताव गुजरात सरकार के गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा २० नवंबर २०२० में तत्कालीन माननीय रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुति की गई थी ।

प्रस्तावित रेल कॉरिडोर साबरमती स्टेशन पर अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल, अहमदाबाद मेट्रो, भारतीय रेलवे और अहमदाबाद बी.आर.टी.एस एवं मल्टी मॉडल एकीकरण के साथ अहमदाबाद और राजकोट के बीच समर्पित यात्री यातायात की सुविधा प्रदान करेगा ।

यह परियोजना सौराष्ट्र क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम और बड़े पैमाने के उद्योगों के विकास को बढ़ाएगी और साथ ही अर्थव्यवस्था को बढ़ावा भी मिलेगा ।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि जनहित में परियोजना को "स्पेशल केस" के तौर पर शीघ्र अनुमोदन प्रदान करें ।